**19/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

सांसद तापिर गाओ ने आज 2025 के लिए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की पहली तिमाही की बैठक की अध्यक्षता कर केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की तथा जिलों में समावेशी एवं पारदर्शी कार्यान्वयन पर ज़ोर दिया। इस अवसर पर 11 जिलों के मंत्री, विधायक, उपायुक्त, NHIDCL के विभागाध्यक्ष, एसबीआई के प्रतिनिधि और जिला परिषद अध्यक्ष भी उपस्थित थे।

0000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम (आईएमसी) ने, मेयर तामे फ़ासांग के नेतृत्व में अपने फ्रोंटलाइन वर्कर्स के सम्मान और कल्याण को बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए, सर्वसम्मति से आईएमसी के 204 ग्राउंड स्टाफ के वेतन में वृद्धि करने का संकल्प लिया है। यह प्रस्ताव कल आयोजित एक विशेष सत्र में पारित किया गया। श्री फ़ासांग ने शहर की स्वच्छता और सफाई बनाए रखने में ग्राउंड स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर देते हुए उन्हें आईएमसी का बैकबोन कहा। मेयर ने कहा कि, अधिकारियों एवं कॉर्पोरेटर्स सहित पूरी आईएमसी टीम ने ग्राउंड स्टाफ के वेतन में वृद्धि के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया है ताकि उन्हें विभिन्न सरकारी विभागों में समान ग्रेड के अन्य कर्मचारियों के बराबर लाया जा सके।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश कंफ़ेडेरेशन ऑफ़ मेडिकल लेबॉरेट्री साइंस APCMLS ने आज ईटानगर के आर.के. मिशन अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर नेशनल मेडिकल लेबॉरेट्री प्रोफ़ेश्नल्स वीक-2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया। APCMLS के अध्यक्ष, **डिलांग तारी** ने बताया कि यह संगठन मेडिकल लेबॉरेट्री प्रोफ़ेश्नल्स, टेक्नीशियन्स, एसिस्टेंट्स, टेक्नीकल सुपरवाईजर्स एवं ऑफ़िसर्स का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने यह भी बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के अंतर्गत कई अन्य गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही हैं।

0000000000000000000000

डिप्युटी डायरेक्टर ऑफ़ स्कूल इजुकेशन (डीडीएसई) युपिया गत 15 जुलाई से आगामी 31 जुलाई 2025 तक पापुमपारे के सभी उच्च एवं माध्यमिक विद्यालयों में अनिवार्य आधार बायोमेट्रिक अपडेट और नए आधार एंरोल्मेंट कैंप्स का आयोजन कर रहे हैं। इस शिविर का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए आधार नामांकन को असान बनाना है ताकि केंद्र प्रायोजित प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना और छात्रों के लिए डीबीटी-आधारित सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु पात्र छात्रों का आधार नामांकन सुनिश्चित किया जा सके। वर्तमान में शिक्षा विभाग पापुमपारे में पाँच आधार सुपर्वाइज़र हैं, प्रत्येक पाँच शैक्षिक खंडों के लिए एक-एक सुपर्वाइज़र है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की पेनकैक सिलाट टीम ने हाल ही में नागालैंड के दीमापुर में संपन्न दो दिवसीय 7वीं नॉर्थईस्ट पेनकैक सिलाट चैंपियनशिप 2025 में 5 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य सहित 16 पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में टीम के एथलीट्स, कोच और सहयोगी कर्मचारियों को बधाई दी। पेनकैक सिलाट एक पारंपरिक मार्शल आर्ट है, जिसकी उत्पत्ति इंडोनेशियाई और मलय द्वीपसमूह से हुई है।

0000000000000000000000

एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर तेजपुर के, 1 अरुणाचल प्रदेश बटालियन नेशनल कैडेट कोर, राजीव गांधी विश्वविद्यालय परिसर दोईमुख में एनसीसी कैडेट्स के लिए गत 16 जुलाई से आगामी 25 जुलाई 2025 तक कमबाइंड एनुअल ट्रैनिंग कैंप (CATC-69) का आयोजन कर रहा है। इस कैंप का उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स में सौहार्द और राष्ट्रवाद की भावना का संचार करना है। अरुणाचल प्रदेश के मध्य और पश्चिमी जिलों से 334 स्वयंसेवी कैडेट इस शिविर में भाग ले रहे हैं।

0000000000000000000000

वेस्ट कामेंग स्थित तुकपेन कम्युनिटी रेजर्ब में रूपा और थोंग्रे गाँव के बीच ग्वांथांग क्षेत्र में एक दुर्लभ रेड पेंडा को पहली बार देखा गया है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज सोशल मीडिया पर यह खबर साझा करते हुए कहा कि अपने विशिष्ट ऊँचाई वाले आवास से दूर निचली पहाड़ियों में रेड पेंडा की उपस्थिति जमीनी स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की सफलता और स्थानीय समुदायों में बढ़ती जागरूकता को दर्शाती है।

0000000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत, अपर सुबनसिरी पुलिस द्वारा एक व्यक्ति से 7.11 ग्राम संदिग्ध हेरोइन, 31.07 ग्राम गांजा और ₹7,340/- रुपय नकद जब्त की, जिसे एक सरकारी वाहन में पकड़ा गया। अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया गया है और जाँच जारी है।

0000000000000000000000

दुमपोरिजो विधायक रोदे बुई ने स्थानीय पंचायत नेताओं, अंचल अधिकारी और डीडीएसई के साथ कल विभिन्न स्कूलों का दौरा कर प्रशासन तथा शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्कूल अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। इस दौरान विधायक ने स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 7 जिलों ईस्ट कामेंग, ईस्ट सियांग, लोअर सियांग, लेपा रादा, लोहित, नामसाई और चांगलांग के लिए ऑरेंज अलर्ट एवं अन्य 15 जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की सभावना है।

00000000000000000000000